epaper
हिन्दुस्तान

अयोध्या में ग्रीन फील्ड टाउनशिप बनाई जाएगी

20/04/2022

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। अयोध्या में ग्रीनफील्ड टाउनशिप से जुड़े कामों का जल्द शुभारंभ होगा। जलवायु परिवर्तन के खतरे को देखते हुए अयोध्या को 'क्लाइमेट स्मार्ट सिटी' बनाया जाएगा। प्रदेश के अन्य शहरों में भी इसे लागू किया जाएगा।

छह माह में 2.51 लाख पीएम आवास: 'सबका साथ सबका विकास' के अनुरूप सभी गरीब, आवासहीन, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, घुमन्तु जाति, पिछड़ा व वंचित और अन्य गरीब परिवारों को आवासीय पट्टे की भूमि व आवास की सुविधा उपलब्ध किया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में 2.51 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास दिया जाएगा। अमृत योजना में 60 शहरों का जीआईएस बेस्ड मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने प्रस्तुतीकरण के दौरान निर्देश दिया कि विकास प्राधिकरणों और नगर निकायों में वर्षों से एक ही स्थान पर कार्यरत कर्मियों का स्थानांतरण किया जाए।

एकीकृत व्यवस्था लागू करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास प्राधिकरणों में एन्टरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग व्यवस्था लागू कराएं, जिसमें वित्त, मानव संसाधन, प्लानिंग प्रोजेक्ट, प्रबंधन एवं क्रियान्वयन, संपत्ति आवंटन आपूर्ति और लेखा इत्यादि को एकीकृत किया जाए। लॉजिस्टिक ईज अक्रॉस डिफरेंट स्टेट (लीड्स)- 2021 के तहत लॉजिस्टिक योजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि इसमें राष्ट्रीय स्तर पर हमारी रैंकिंग सुधरी है।